राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 14 सितम्बर। राजस्थान सरकार के आपदा प्रबन्धन एवं सहायता विभाग, प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय, नीति निर्धारण व सांख्यिकी विभाग के मंत्री श्री गोविन्द राम मेघवाल तथा सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री श्री भजनलाल जाटव ने आज प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ प्रातः 11.00 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर में जनसुनवाई की।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान श्री गोविन्द राम मेघवाल तथा श्री भजनलाल जाटव ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर प्रदेशभर से आये बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों एवं आम लोगों की समस्याओं को सुना तथा अधिकांश समस्याओं के तत्काल निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को फोन पर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए तथा शेष रहे प्रकरणों का समाधान अगली जनसुनवाई से पूर्व करने का आश्वासन दिया। उक्त मंत्रीगणों के साथ राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव श्री देशराज मीणा तथा श्रीमती प्रतिष्ठा यादव उपस्थित रहे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter